शब्दबाणों का प्रहार

मध्य भारत का सबसे लोकप्रिय अखबार

राष्ट्रबाण

सिवनी

संपादक : संजय बघेल

• वर्ष : 11 • अंक : 167 • पृष्ठ : 06 • मूल्य : 5.00 रुपए

मंगलवार 03 नवंबर 2026

E-PAPER: www.rashtrabaan.in

www.facebook.com/rashtrabaan www.twitter.com/rashtrabaan

न्यूज ब्रीफ

राजौरी में नियंत्रण रेखा के पास लैंडमाइन में धमाका

राजौरी। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा के पास सेना का सामान ले जा रहे मजदूर का पैर गलती से बारूदी सुरंग पर पड़ गया, इससे धमाका हो गया। हादसे में मजदूर का दाहिना पैर उड़ गया। उसे तुरंत पास के अस्पताल में ले जाया गया। अधिकारियों के अनुसार, लंगर गांव के रहने वाले कृष्ण लाल सुबह 11:30 बजे नौशेरा सेक्टर के एक अग्रिम इलाके से गुजर रहे थे, तभी उनका पैर गलती से बारूदी सुरंग पर पड़ गया। अधिकारियों ने बताया कि सीमा पार से घुसपैठ रोकने के लिए रूष्ट के साथ लगते अग्रिम इलाकों में कई लैंडमाइन बिछाई गई हैं।

सोनिया गांधी ने लालू यादव से मुलाकात की

नईदिल्ली। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने सोमवार को दिल्ली में बिहार के पूर्व सीएम लालू यादव से मुलाकात की। वे मीसा भारती के घर पर पहुंचीं थीं। उन्होंने लालू यादव से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। इस दौरान पुराने दिनों की यादें ताजा हुईं और यूपीए सरकार के कार्यकाल पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार के दौरान युवाओं, किसानों, जवानों और आम लोगों के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की गईं। मनरेगा, शिक्षा का अधिकार और सूचना का अधिकार जैसे कानूनों से लोगों को सशक्त बनाया गया।

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में मस्जिद पर पथराव, 4अरेस्ट

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के पेहरू शेरबाग इलाके में ईशा की नमाज के दौरान कुछ लोगों ने एक मस्जिद पर पत्थर फेंके। इससे इमारत को नुकसान पहुंचा और कुछ नमाजियों को चोटें आईं। पुलिस के मुताबिक, यह इमारत पहले एक मकान थी, जिसे करीब एक हफ्ते पहले इबादतगाह बनाया गया था। यहां नमाज पढ़ने को लेकर कुछ स्थानीय लोग विरोध कर रहे थे। इसी बात पर विवाद हुआ, जिसके बाद पथराव किया गया।

केरलम में बीजेपी ऑफिस पर बीयर की बोतलें फेंकने के आरोप

तिरुवंनतपुरम। केरलम में भाजपा के प्रदेश मुख्यालय पर बीयर की बोतलें फेंकने के आरोप में पुलिस ने सोमवार को कांग्रेस के दो कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान सुजीत कुमार और अरुण के रूप में हुई है। दोनों स्थानीय कांग्रेस इकाइयों के कार्यकर्ता हैं। यह घटना करीब एक महीने पहले हुई थी।

सड़क बनाते समय लगा करंट, 8 मजदूरों की मौत

राजस्थान : गांववालों का 7 घंटे बाद धरना खत्म

राष्ट्रबाण | झुंझुनूं | एजेंसी
rashtrabaan.in

राजस्थान के झुंझुनूं में सोमवार को सड़क बना रहे 8 मजदूरों की करंट लगने से मौत हो गई। 5 अन्य झुलस गए। हादसा उदयपुरवाटी के छापोली गांव में सुबह 10 बजे हुआ। उदयपुरवाटी एसएचओ रामपाल ने बताया- हादसा छापोली-कदंब कुंड मार्ग पर सीकर-नीमकाथाना स्टेट हाईवे से करीब 150 मीटर दूर हुआ। घटना के बाद ग्रामीणों ने धरना शुरू कर दिया। 7 घंटे बाद शाम 5 बजे मुआवजा और संविदा पर नौकरी के आश्वासन के बाद धरना खत्म कर दिया। रोड़ी-बजरी मिलाने के काम में आने वाली मशीन ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन बिजली लाइन के संपर्क में आ गई।

इससे उसमें करंट फैल गया। वहां काम कर रहे मजदूर करंट की चपेट में आ गए। हाईवोल्टेज लाइन का तार रोड़ी-बजरी (कंक्रीट) मिक्सर मशीन के हाइड्रोलिक जैक से टच हुआ था। सड़क का निर्माण सरकारी की योजना में नहीं हो रहा था। चुनाव के दौरान ग्रामीणों ने सार्वजनिक तौर पर अपने स्तर पर यह निर्माण करने का निर्णय लिया होगा। ये वन विभाग की जमीन पर सड़क बन रही थी।

15-15 लाख मुआवजा और संविदा पर नौकरी देने पर सहमति



मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा- मृतकों के आश्रितों को अलग-अलग योजनाओं में 15 लाख मुआवजा और एक-एक सदस्य को संविदा पर नौकरी देने पर सहमति बनी है। विकास अधिकारी और तहसीलदार को राजस्थान और केंद्र सरकार की योजनाओं में लाभ देने के लिए कहा है। वन विभाग की जमीन पर बन रहे इस रास्ते को लेकर झुंझुनूं के डीएफओ को निर्देश दिए है कि संबंधित जनप्रतिनिधि से संपर्क कर रास्ते के डायवर्जन के प्रस्ताव को पोर्टल पर अपलोड करें। बातचीत के बाद परिजन शव लेने को तैयार हो गए और धरना खत्म कर दिया।

अमेरिका में प्लेन क्रैश, 9 की मौत

फ्लोरिडा। अमेरिका के फ्लोरिडा में रविवार को एक बिजनेस जेट क्रैश हो गया। हादसे में विमान में सवार सभी 9 लोगों की मौत हो गई। एएफपी के मुताबिक, विमान टेक्सास से बहामास जा रहा था। हादसे से कुछ देर पहले पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोलर को कहा, 'विमान तेजी से नीचे गिर रहा है, हम जमीन से टकराने वाले है। अब वक्त नहीं बचा।' इसके कुछ ही देर बाद विमान सड़क के पास जमीन से टकरा गया। टक्कर होते ही जोरदार धमाका हुआ जमीन पर बड़ा गड्ढा बन गया और



आसपास के इलाके में आग फैल गई। हादसे की जगह राष्ट्रपति ट्रम्प के मार-ए-लागो आवास से करीब 14 किलोमीटर दूर है।

शराब तस्करों ने ट्रक से टीआई को कुचला

एडीईओ, 2 आबकारी आरक्षक सस्पेंड; पत्नी को एसआई की नौकरी और 1 करोड़ की मदद

राष्ट्रबाण | खातेगांव | एजेंसी
rashtrabaan.in

मध्य प्रदेश के देवास में अवैध शराब से भरे ट्रक ने खातेगांव टीआई दिलीप पुरी को कुचल दिया। वे रविवार रात तस्करी की सूचना पर कार्रवाई करने पहुंचे थे। अस्पताल में करीब दो घंटे तक सीपीआई और इलाज किया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। पुलिस के मुताबिक, टीआई ने ट्रक ड्राइवर को बाहर आने के लिए कहा था, लेकिन ड्राइवर ने ट्रक को डिवाइडर पर चढ़ाकर आगे बढ़ा दिया। इससे ट्रक का पिछला पहिया टीआई के ऊपर चढ़ गया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है। फरार ड्राइवर की तलाश की जा रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उनकी पत्नी को अनुकंपा पर एसआई पद और परिवार को 1 करोड़ रुपए की सहायता देने की घोषणा की है। इसके अलावा खातेगांव में पकड़ी गई शराब के बैच नंबर की शराब टिमरनी की दुकान में भी मिली।

3 शराब दुकानों के लाइसेंस सस्पेंड

हरदा जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया- भारतेन्द्र जायसवाल से जुड़ी तीन शराब दुकानों के लाइसेंस रद्द कर दिए गए हैं। सहायक जिला आबकारी अधिकारी अमरसिंह बघेल, दो आरक्षकों अरुण कुम्भरे और कृष्णपाल सिंह डोडिया को निलंबित किया गया है।

घटना की जांच के लिए एसआईटी बनाई गई: देवास एसपी आदित्य मिश्रा सोमवार तड़के करीब 3:30 बजे खातेगांव पहुंचे। एसपी ने बताया कि घटना की जांच के लिए एसआईटी बना दी गई है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

पिता ओमप्रकाश पुरी किसान होने के साथ कांग्रेस के नेता

दिलीप पुरी मूल रूप से धार जिले की सरदारपुर तहसील के ग्राम बरमण्डल के निवासी थे। परिवार में पत्नी कविता और बेटा-बेटी हैं। उनके पिता ओमप्रकाश पुरी किसान होने के साथ कांग्रेस नेता हैं। बताया जा रहा है कि दिलीप पुरी का अंतिम संस्कार बरमण्डल में राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। उनके छोटे भाई इंदौर में निजी नौकरी करते हैं।



ट्रक के कंपार्टमेंट में शराब भरी हुई थी- पुलिस

आबकारी उपनिरीक्षक पूजा गेहलोत ने बताया- ट्रक बेस से करीब दो फीट ऊंचा है। ट्रक के कंपार्टमेंट में शराब भरी हुई थी। शराब कितनी है, कहां से लाई थी, यह जांच के बाद ही पता चलेगा।

मामले में पुलिस ने शराब माफिया केरम सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। उसे आलीराजपुर जिले के बेहड़वा से पकड़ा गया। फिलहाल उसे खातेगांव पुलिस को सौंपने की कार्रवाई की जा रही है।

ट्रक में केरम सिंह की शराब रखी हुई थी

पुलिस के मुताबिक, जिस वाहन से टीआई दिलीप पुरी को कुचला गया, उसमें केरम सिंह की शराब रखी हुई थी। वहीं, जोबट एसडीओपी आशुतोष पटेल ने बताया कि खातेगांव पुलिस की तीन टीमें ड्राइवर की तलाश में पहुंची हैं। पुलिस द्वारा आलीराजपुर, झाबुआ और गुजरात राज्य में लगातार तलाश की जा रही है। इस दौरान संबंधित वाहन के ड्राइवर और मालिक की जानकारी जुटाकर उनकी तलाश की जा रही है। पुलिस टीमें अलग-अलग स्थानों पर जांच कर रही हैं।

तिरंगे में लिपटी पार्थिव देह, गार्ड ऑफ ऑनर देकर अंतिम विदाई

पोस्टमॉर्टम के बाद टीआई दिलीप पुरी के पार्थिव शरीर को तिरंगे में लपेटा गया। इसके बाद पुलिस की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। तिरंगे में लिपटा टीआईटी दिलीप पुरी का पार्थिव शरीर पैतृक गांव बरमंडल पहुंचा। उनके अंतिम दर्शन के दौरान पुलिसकर्मी और परिजन फूट-फूटकर रो पड़े।

मोदी ने रिन्यूएबल एनर्जी समिट का इनॉगरेशन किया

नईदिल्ली। पीएम मोदी सोमवार को इंडिया रिन्यूएबल एनर्जी समिट एंड एक्सपो 2026 का इनॉगरेशन किया। चार दिवसीय समिट 2 से 5 नवंबर 2026 तक आयोजित होगा। इसकी थीम 'इन्वेस्ट, इनोवेट, इंस्पायर' रखी गई है। इस समिट में 130 से ज्यादा देशों के प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है। इनमें 40 से अधिक मंत्री भी होंगे। इसके अलावा निवेशक, वित्तीय संस्थान और उद्योग जगत के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। ऑस्ट्रेलिया, डेनमार्क, यूरोपीय संघ, फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड, नॉर्वे, स्वीडन और ब्रिटेन इसमें कंट्री पार्टनर के रूप में हिस्सा लेंगे। 13 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश अपनी रिन्यूबल एनर्जी क्षमता का प्रदर्शन करेंगे।

इनमें आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, दिल्ली, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल शामिल हैं।


दिल्ली-एनसीआर में दीपावली पर सिर्फ ग्रीन पटाखे फोड़ सकेंगे

अस्पताल-वृद्धाश्रम जैसे साइलेंस जोन में रोक, सुप्रीम कोर्ट ने लगातार दूसरे साल परमिशन दी

राष्ट्रबाण | नईदिल्ली | एजेंसी
rashtrabaan.in

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में 7 और 8 नवंबर 2026 को ग्रीन पटाखे जलाने की अनुमति दी है। पटाखे केवल सुबह 6 से 7 बजे और रात 8 से 10 बजे तक जलाए जा सकेंगे।

सुप्रीम कोर्ट ने अस्पतालों, नर्सिंग होम, प्राथमिक एवं जिला स्वास्थ्य केंद्रों, वृद्धाश्रमों और अधिसूचित साइलेंस जोन के 300 मीटर के दायरे में पटाखे जलाने पर रोक लगाई है। कोर्ट ने निर्देश दिया कि इन क्षेत्रों के साथ-साथ शैक्षणिक संस्थानों को भी 'नो-क्रैकर जोन' घोषित किया जाए। इनकी उचित मार्किंग की जाए और लोगों को इसकी जानकारी दी जाए। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल 15 अक्टूबर को दिल्ली-एनसीआर में पटाखे चलाने को लेकर आदेश दिया था। इसमें दो दिन 19 और 20 अक्टूबर को ग्रीन पटाखे फोड़ने की इजाजत दी थी।



ग्रीन पटाखे जलने से कम धुआं निकलता है

ग्रीन पटाखे ऐसे पटाखे होते हैं, जिन्हें सामान्य पटाखों के मुकाबले कम प्रदूषण फैलाने के लिए बनाया जाता है। इनमें हानिकारक रसायनों का इस्तेमाल कम किया जाता है, जिससे इनके जलने पर कम धुआं और कम हानिकारक गैसें निकलती हैं। मामले में कोर्ट की सहायता कर रहीं एमिकस क्यूरी और वरिष्ठ वकील उत्तरा बब्बर ने वायु प्रदूषण से होने वाले स्वास्थ्य संबंधी नुकसान और दिल्ली-एनसीआर में पटाखे जलाने के खतरों के बारे में बताया था।

तूफान मुरासु आज रात आंध्र तट से टकराएगा : हवा की रफ्तार 110 किमी प्रति घंटे रह सकती है,

विजयवाड़ा में 10 फ्लाइट्स कैंसिल; चेन्नई में भारी बारिश, स्कूल बंद

राष्ट्रबाण | नईदिल्ली | एजेंसी
rashtrabaan.in

तूफान अर्नब के बाद अब बंगाल की खाड़ी से उठा तूफान मुरासु आंध्र प्रदेश के तट की ओर तेजी से बढ़ रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक, यह आज रात 11:30 बजे से मंगलवार सुबह 4 बजे के बीच ओंगोल के पास तट से टकरा सकता है। इस दौरान हवा की रफ्तार 100 से 110किमी प्रति घंटे रह सकती है।

सोमवार सुबह 5:30 बजे चक्रवात चेन्नई से 200 और नेल्लोर से 210 किलोमीटर दूर था। यह 25किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आगे बढ़ रहा था। आंध्र प्रदेश, ओडिशा और तमिलनाडु में चक्रवात का असर शुरू हो गया है। आंध्र के नेल्लोर के मयपाडु बीच पर समुद्र में ऊंची लहरें उठ रही हैं और तेज हवाएं चल रही हैं।

विजयवाड़ा एयरपोर्ट पर 10 उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। राज्य में हथ्त्रक्ष्म की तीन टीमें तैनात हैं। तमिलनाडु के चेन्नई, चेंगलपट्टू और तिरुवल्लूर में रविवार रात से बारिश हो रही है। चेन्नई में कई सड़कें जलमग्न हैं। स्कूल बंद कर दिए गए हैं। ओडिशा सरकार ने गंजाम, गजपति, रायगड़ा, कोरापुट और मलकानगिरी जिलों से लोगों को निकालने का काम तेज कर दिया है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, केरल, तेलंगाना, कर्नाटक और महाराष्ट्र में भी चक्रवात का असर दिख सकता है। इन राज्यों में अगले कुछ दिनों में भारी बारिश की आशंका है।



आंध्र प्रदेश: 90 जवानों की 3 एनडीआरएफ टीमें तैनात

चक्रवात से निपटने के लिए एनडीआरएफ की चौथी बटालियन की तीन टीमें तमिलनाडु के रणिपेट जिले में अरक्कोनम के पास नागरिककुप्पम से रवाना की गई हैं। इन टीमों में 90 जवान शामिल हैं। इन्हें आंध्र प्रदेश के नेल्लोर, प्रकाशम और मार्कापुरम में राहत और बचाव कार्यों के लिए तैनात किया गया है।

नौसेना को मिलेंगे 8 नए युद्धपोत : मिसाइल और सेंसर सिस्टम से लैस होंगे

दो भारतीय कंपनियां बनाएंगी; रक्षा मंत्रालय से 53,866 करोड़ का करार

राष्ट्रबाण | नईदिल्ली | एजेंसी
rashtrabaan.in

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय नौसेना के लिए 8 नए युद्धपोत बनाने के लिए 53,866.50 करोड़ के समझौते पर साइन किए हैं। ये नेक्स्ट जनरेशन कॉर्वेट यानी नई पीढ़ी के युद्धपोत होंगे।

इनमें आधुनिक मिसाइल, हथियार और सेंसर सिस्टम लगाए जाएंगे। इन युद्धपोतों को बनाने की जिम्मेदारी दो भारतीय कंपनियों को दी गई है। इनमें कोलकाता की गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड पांच और गोवा शिपयार्ड लिमिटेड तीन युद्धपोत बनाएगी। सोमवार को नई दिल्ली के कर्तव्य भवन-2 में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में इस समझौते पर साइन किए गए।



दुश्मन के जहाजों और पनडुब्बियों पर नजर रखेंगे

नेक्स्ट जनरेशन कॉर्वेट में आधुनिक मिसाइल, हथियार और सेंसर सिस्टम लगाए जाएंगे। इनकी मदद से नौसेना हवा, समुद्र की सतह और पानी के नीचे से आने वाले खतरों का मुकाबला कर सकेगी।

सोनिया जी के दिल को शांति मिल जाती, असली संसद में कभी नहीं बनेंगे

राहुल ने नकली संसद लगाई, उसके पीएम बन जातेः शाह

राष्ट्रबाण | हैदराबाद | एजेंसी
rashtrabaan.in



अमित शाह सोमवार को हैदराबाद में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' मार्च में शामिल हुए। यहां उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने दिल्ली में नकली संसद लगाई।

वे उसके ही पीएम बन जाते तो सोनिया जी के दिल को शांति मिल जाती। असली संसद में वे कभी पीएम नहीं बनेंगे। विपक्ष के एसआईआर विरोध के जवाब में भाजपा देशभर में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान चला रही है। इसका पहला चरण 22 अक्टूबर से 5 नवंबर 2026 तक चलेगा।

शाह की स्पीच, बड़ी बातें; कहा- वोटर्स लिस्ट में घुसपैठिए नहीं रहेंगे

1. **घुसपैठिए कांग्रेस के वोट बैंक, इन्हें निकालकर ही दम लेंगे**
कांग्रेस पार्टी एसआईआर को रोककर देश की मतदाता सूची से बांग्लादेशी घुसपैठियों को बचाना चाहती है। ये घुसपैठिए उनके वोट बैंक हैं। राहुल जी जितना जोर लगाना है लगा लो, भाजपा एक-एक घुसपैठिए को देश और वोटर्स लिस्ट से बाहर निकालकर दम लेगी। 3 करोड़ वोट बांग्लादेशी घुसपैठिए हैं।
2. **भाजपा 2014 में जीती, 2019 में जीती, तब क्या एसआईआर हुआ था**
राहुल जी कहते हैं कि हम (भाजपा) एसआईआर से जीते। जरा बताओ क्या 2014 में एसआईआर हुआ था। 2019 में जीते, तब भी एसआईआर नहीं हुआ था। 2024 में भी जीते, उसके बाद महाराष्ट्र, हरियाणा, दिल्ली, बिहार, बंगाल, असम जीते। अब तेलंगाना भी जीतने वाले हैं।
3. **नकली संसद में ही पीए बन जाइए**
राहुल, दो दिन पहले आपने मॉक पार्लियामेंट की थी, अगर मुझसे पूछा होता तो मैं कहता कि ये नकली संसद में आप एक बार पीएम बन जाओ, क्योंकि असली संसद में वे कभी बन नहीं पाएंगे, ताकि सोनिया जी के दिल को शांति मिल जाए।
4. **राहुल अराजकता से खुद को सुर्खियों में रखते हैं**
राहुल जी चुनाव होते ही आप विदेश चले जाते हैं। देश में पसीना बहाना पड़ता है। हाथ में संविधान रखते हैं, लेकिन उसका सम्मान नहीं करते। ईवीएम, एसआईआर, घुसपैठिए के मुद्दे पर हम संसद का विशेष सत्र बुलाने के लिए तैयार हैं, चर्चा के लिए आ जाइए, लेकिन वे नहीं आएंगे। वे अराजकता से खुद को सुर्खियों में रखते हैं।



वेट लॉस ही नहीं स्ट्रेस को भी रखता है दूर कच्चा पनीर

घर पर मेहमान आ रहे हो या फिर कुछ स्पेशल खाने का करें मन, पनीर का ऑप्शन हर समय आपके पास खुला होता है। पनीर का स्वाद लोगों को इतना पसंद होता है कि इसे हर उम्र के लोग खाना पसंद करते हैं।

पनीर में विटामिन बी कॉम्प्लेक्स, हेल्दी फैट्स, जिंक, मैग्नीशियम, प्रोटीन, सेलेनियम, कैल्शियम, फॉस्फोरस और पोटेशियम जैसे पोषक तत्व प्रचूर मात्रा में पाए जाते हैं। जो व्यक्ति को कई स्वास्थ्य समस्याओं से बचाने में मदद करते हैं। पनीर में मौजूद पोटेशियम मेमोरी शार्प करने तो सेलेनियम प्रजनन क्षमता को बढ़ाने में मदद करता है। लेकिन आज बात पके हुए पनीर की नहीं बल्कि कच्चे पनीर को खाने से मिलने वाले फायदे की हो रही है।

हड्डियां रखें मजबूत

अगर आपको जोड़ों में दर्द की शिकायत रहती है तो अपनी डाइट में कच्चे पनीर को शामिल करें। कैल्शियम और फॉस्फोरस से भरपूर पनीर हड्डियों को कमजोर होने से बचाने में मदद करता है।

इम्यूनिटी करें बूस्ट

एंटीऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर पनीर इम्यूनिटी बूस्ट करने में मदद करता है। यह संक्रमण से बचाव और उससे जल्दी रिकवरी में भी मदद करता है।

ब्लड प्रेशर रखे कंट्रोल

पनीर में मौजूद पोटेशियम, कैल्शियम और मैग्नीशियम बीपी को नॉर्मल बनाए रखने में मदद करते हैं।

त्वचा और बालों को रखें सेहतमंद

पनीर में मौजूद हाई क्वालिटी प्रोटीन त्वचा और बालों को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करता है।

वेट लॉस

पनीर का सेवन करके आप अपना वजन कम और ज्यादा दोनों कर सकते हैं। ये दोनों के लिए ही बहुत लाभकारी हो सकता है। इसमें मौजूद लीनेलाइक एसिड शरीर में फैट बर्निंग प्रक्रिया को तेज करने में मदद कर सकता है। अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए आपके पनीर की सही मात्रा का सेवन करना है।

स्ट्रेस रखें दूर

आज ज्यादातर लोग स्ट्रेस की शिकायत करते हैं। इससे बचने के लिए आपको हेल्दी डाइट का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। ऐसे में कच्चे पनीर का सेवन इस समस्या से बचाने में मदद कर सकता है।





केमिकल से पके हुए आम कर सकते हैं सेहत खराब

आम के शौकीन लोग गर्मियों का बेसब्री से इंतजार करते हैं। यही वो मौसम होता है जब फलों का राजा आम हर किसी को अपने रसीले मीठे स्वाद और खुशबू से अपनी ओर आकर्षित करता है। लेकिन समस्या तब होने लगती है जब आम को समय से पहले पकाने के लिए केमिकल का इस्तेमाल किया जाता है। केमिकल से पके हुए आम का सेवन करने से व्यक्ति को कई तरह की सेहत से जुड़ी समस्याएं तक हो सकती हैं। ऐसे में सेहत से जुड़े इस खतरे को पहचानने के लिए आइए आपको बताते हैं कैसे की जा सकती है केमिकल से पके आमों की पहचान और केमिकल से पके आम को खाने से सेहत को होता है क्या नुकसान।

नर्वस सिस्टम से जुड़ी समस्याएं

केमिकल से पकाए गए आम खाने से नर्वस सिस्टम से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं। कई शोध और अध्ययन इस बात की पुष्टि कर चुके हैं कि आम को पकाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले हानिकारक रसायन नर्वस सिस्टम डिसऑर्डर की समस्या पैदा कर सकते हैं। कार्बाइड का इस्तेमाल कर पकाए गए आम का सेवन करने से ब्रेन डैमेज होने का भी खतरा बना रहता है।

सर्वाइकल कैंसर

हानिकारक रसायनों की सहायता से पकाए हुए आम को खाने से कोलन कैंसर, स्किन कैंसर और सर्वाइकल कैंसर का खतरा भी बना रहता है।

पेट से जुड़ी समस्याएं

समय से पहले आम को जल्दी पकाने के लिए कार्बाइड जैसे हानिकारक केमिकल का इस्तेमाल किया है। ऐसे में इस केमिकल से पकाए गए आम का सेवन करने से पेट से जुड़ी गंभीर समस्याएं पैदा हो सकती हैं।


स्किन से जुड़ी दिक्कत

केमिकल से पकाए गए आम खाने से कई बार स्किन से जुड़ी समस्याएं भी हो सकती हैं।

कैसे करें केमिकल से पके आम की पहचान

- प्राकृतिक रूप से पके हुए आम का रंग हल्का हरा और पीला होता है। लेकिन केमिकल की सहायता से पकाए गए आम की सतह एकदम पीली और चमकदार दिखती है और इसपर हल्के हरे रंग के पैच दिखाई देते हैं।
- आम को पानी की बाल्टी में डालने पर जो आम पानी में डूब जाएं वे अच्छे और प्राकृतिक रूप से पके हुए होते हैं। लेकिन जो आम पानी के ऊपर तैर रहे होते हैं उन्हें आर्टिफिशियल रूप से पकाया गया होता है।
- केमिकल से पकाए गए आम का सेवन करने पर मुंह में हल्की सी जलन महसूस होती है जबकि सामान्य तरीके से पके हुए आम खाने पर ऐसा महसूस नहीं होता है। इसके अलावा केमिकल से पके हुए आम का आकार भी छोटा होता है और इनमें से रस टपकता हुआ नजर आता है।
- प्राकृतिक रूप से पके हुए आम का स्वाद मीठा होता है। जबकि केमिकल से पकाए गए आम का स्वाद हल्का या अजीब भी हो सकता है। अगर कुछ दिन में ही आम का स्वाद खराब हो जाता है तो यह केमिकल से पका हुआ आम हो सकता है। इस तरह के आम खाने से कई बार पेट दर्द, दस्त और उल्टी जैसी समस्याएं भी होती हैं।





इस खास वजह से सूखता है लोगों का मुंह, जानें कारण और उपचार

गर्मियां में अक्सर कई लोग मुंह सूखने की शिकायत करने लगते हैं। लेकिन क्या आप वाकई मुंह सूखने की असली वजह जानते हैं? दरअसल, शरीर में पानी की कमी, डायबिटीज, नर्व डैमेज, तंबाकू, शराब और अधिक दवाओं का सेवन करने से भी व्यक्ति का मुंह सूखने लगता है। अगर आपको भी कभी इस तरह की समस्या परेशान करे तो आप ये कुछ घरेलू उपाय आजमाकर इस परेशानी से राहत पा सकते हैं।

खूब पानी पिएं – कई बार शरीर में पानी की कमी होने की वजह से भी मुंह सूखने लगता है। जिसकी वजह से व्यक्ति को डिहाइड्रेशन की समस्या भी हो सकती है। इस समस्या से बचने के लिए खूब पानी पिएं।

ओरल हाइजीन है जरूरी – कई बार मुंह सूखने का एक कारण बैक्टीरियल और संक्रमण से जुड़ी समस्या भी हो सकती है। इस समस्या को कम करने के लिए आपको ओरल हाइजीन का खास ख्याल रखने की जरूरत होती है। इस समस्या से बचने के लिए रोजाना दांतों को ब्रश करें, जीभ की अच्छे से सफाई करें।

अदरक – अदरक का सेवन करने से लार ग्रंथियों को उत्तेजित करने में मदद मिलती है, जो लार के उत्पादन को बढ़ावा देता है। इस उपाय को करने से मुंह सूखने की परेशानी कम की जा सकती है।



इन तरीकों से कमजोर होता है आपका दिल

आपका दिल दो तरह से सेहतमंद होता है और मुख्य रूप से दो तरीकों से ही कमजोर होता है। हेल्दी कार्डियोवस्कुलर हेल्थ के लिए जरूरी है कि आप शारीरिक रूप से भी अपने दिल को मजबूत रखें और भावनात्मक रूप से भी। क्योंकि इन दोनों में से कोई एक भी कमजोरी आपके दिल को बीमार करने के लिए काफी है।

इस तरह दूर होती हैं ये कमजोरी

- हार्ट को भावनात्मक कमजोरी से मुक्ति दिलाने के लिए आपको मानसिक रूप से मजबूत होने की जरूरत है। इस काम में योग और ध्यान आपकी बहुत मदद करेंगे।
- वहीं, शारीरिक और क्रियान्वयन के तरीकों से दिल को मजबूत रखने के लिए आपको अपने भोजन में कुछ खास चीजों को शामिल करने की जरूरत है। ताकि आपकी नसों में वसा का जमाव ना हो और आपके हार्ट की पंप करने की शक्ति लगातार बनी रहे।

ये चीजें खाना है जरूरी

- उन लोगों के दिल की धड़कनें एक रिद्म में रहती हैं, जो इन फूड्स को नियमित रूप से खाते हैं। ऐसा सिर्फ हम नहीं कह रहे हैं बल्कि आप खुद भी कहेंगे, जब ऐसा भोजन करनेवाले लोगों की फिजिकल और मेंटल फिटनेस को देखेंगे।
- जो लोग अपनी डायट में उबली हुई सब्जियों का सेवन करते हैं, उनके शरीर पर एक्स्ट्रा फैट जमा नहीं हो पाता है। साथ ही उनका पाचनतंत्र भी बहुत अच्छी तरह काम करता है। इस कारण उनकी ब्लड वेसल्स एकदम साफ और हेल्दी होती है।

दही खाने से भी होता है लाभ

- गर्मी के मौसम में और सर्दियों के मौसम में दोपहर के समय भोजन या स्नैक्स के साथ दही का सेवन करना बहुत अधिक लाभकारी होता है। दही आपके शरीर की नसों को अंदर से पोषण देने का काम करती है। साथ ही आपकी अंदरूनी और बाहरी त्वचा को अधिक सपल बनाती है।
- दही में पाए जानेवाले हेल्दी बैक्टीरिया आपकी आंतों में मौजूद गुड बैक्टीरिया को पोषण देने और उनकी संख्या में वृद्धि करने का काम करते हैं। इससे आपका खाया हुआ भोजन अच्छी तरह पचता है और शरीर को सही मात्रा में पोषण मिलता है। इससे शरीर में रक्त का प्रवाह सही बना रहता है और हार्ट अटैक का खतरा कम होता है।

खाएं फ्रूट्स और ड्राई फ्रूट्स

- आपकी कार्डियोवस्कुलर हेल्थ के लिए नट्स यानी ड्राई फ्रूट्स का सेवन बहुत जरूरी है। भीगे हुए बादाम आपके दिल की सेहत को सही रखने में सहायक हैं। इसके साथ ही काजू, किशमिश, अखरोट, खुमानी आदि खाने से दिल बहुत सेहतमंद रहता है।

डेयरी प्रॉडक्ट्स

- डेयरी प्रॉडक्ट्स यानी दूध, घी, पनीर और छाछ सभी हमारे दिल की कार्य प्रणाली को सुचारू बनाए रखने के लिए जरूरी हैं। आमतौर पर घी के सेवन को दिल की सेहत के लिए हानिकारक माना जाता है। लेकिन यह बात गाय के शुद्ध देसी घी पर लागू नहीं होती है।
- आयुर्वेद के अनुसार, गाय का देसी घी खाने से शरीर को सभी जरूरी पोषक तत्वों की प्राप्ति होती है। हृदय को स्ट्रोक और अटैक का खतरा कम होता है। गाय का घी आपकी नर्व्स में स्टोर नहीं होता है। बल्कि सुपाच्य होने के कारण यह शरीर की आंतरिक और बाह्य त्वचा को पोषण देने का काम करता है।

अनार, चुकंदर सेब और अनानास

- दिल की सेहत के लिए फलों का सेवन भी बहुत जरूरी होता है। आपके अपने दैनिक जीवन में उन फलों का उपयोग करना चाहिए, जो शरीर में रक्त की मात्रा बढ़ाने का काम करते हैं और हानिकारक फ्री रेडिकल्स को कम करते हैं।
- इनके लिए आपको हर दिन अनार, चुकंदर, सेब और अनानास यानी पाइनऐपल का सेवन करना चाहिए। ये चारों फल आपके हार्ट की हेल्थ के लिए किसी टॉनिक की तरह काम करते हैं।

टेंशन और डिप्रेशन बढ़ाते हैं ये फूड

मौजूदा दौर में तनाव, चिंता और अवसाद जैसी मानसिक समस्याएं होना कोई नई बात नहीं है। आधुनिक युग में ये परेशानियां काफी प्रचलित हो गई हैं, खुशी से ज्यादा लोग अब टेंशन में डूबे दिखते हैं। वास्तव में चिंता और तनाव का कोई इलाज नहीं है। क्योंकि ऐसे तमाम लोग हैं जिन्होंने थेराप्यूटिक यानी चिकित्सा का सहारा भी लिया, लेकिन अपने मानसिक स्वस्थ्य को बनाए रखने में असफल हैं। ऐसे में हमें इस समस्या का समाधान खुद से ही खोजना होगा।





बहुत कम लोगों को पता है कि डेली रूटीन में खाए जाने वाले फूड आइटम्स भी टेंशन और स्ट्रेस का कारण होते हैं। लिहाजा उन खाद्य पदार्थों के बारे में जानकर चौंकें नहीं, जो तनाव को बढ़ावा देते हैं या मानसिक स्थिति को खराब करते हैं; जिनका आप रोजाना सेवन करते हैं। यहां हम इन ऐसे ही खाद्य पदार्थों की सूची जारी कर रहे हैं जिनके सेवन से आपकी टेंशन और तनाव को बढ़ावा मिलता है।

रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट

हृदय की समस्याओं, मधुमेह या मोटापे के बढ़ते जोखिम का एक सॉलिड रीजन रिफाइंड कार्बोहाइड्रेड है। मानसिक स्वास्थ्य संगठन के एक शोध ने साबित किया कि रिफाइंड चीनी सहित रिफाइंड कार्ब्स के सेवन से चिंता और अवसाद दोनों का खतरा बढ़ जाता है। अगर आप इस समस्या से छुटकारा पाना चाहते हैं तो जल्द ही सफेद आटा, सफेद ब्रेड, सफेद चावल, एगेव चीनी, सिरप, कन्फेक्शनरी प्रोडक्ट्स प्रोसेप्ड स्नैक्स, पास्ता आदि के उपयोग को छोड़ने का प्रयास करें। इनकी बजाए आप हेल्दी आहार के तौर पर ओट्स, ब्राउन राइस, क्विनोआ, अनाज, साबुत ब्रेड या अंकुरित गेहूं के आटे का प्रयोग करें।

कैफीनयुक्त पेय पदार्थ

कैफीन युक्त ड्रिंक के सेवन से भी चिंता, तनाव और अनिद्रा की समस्या होती है। थोड़ी मात्रा में कैफीन का सेहत पर कोई असर नहीं पड़ता, लेकिन अगर आप इसे अधिक मात्रा में लेते हैं तो जल्द ही चिंता, तनाव का शिकार हो सकते हैं। यह मत भूलिए कि सामान्य चाय, कुछ चॉकलेट और यहां तक कि फ्लेवर्ड केक में भी कैफीन होता है। इसके बजाय आपको हर्बल टी, पुदीना, नींबू या नारियल पानी का विकल्प चुनना चाहिए।

ट्रांस फैट

हर बार जब आप चिप्स या चिकन नगेट्स का पैकेट खोलते हैं, तो याद रखिए इससे आपकी मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ सकती हैं। तेल से तले खाद्य पदार्थों की बजाए आपको घी, मक्खन जैसे संतृप्त वसा से बने स्नैक्स का सेवन करना चाहिए।

शराब

शराब लिवर ही नहीं बल्कि पूरे स्वास्थ्य को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा सकती है। बहुत से लोग ब्रेकअप, मिजाज या गुस्से को दूर करने के लिए शराब का सहारा लेते हैं। वे इसे मूड ठीक करने का एक बढ़िया सोर्स मानते हैं लेकिन इसके विपरीत हमारी सेहत को खराब कर देती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि शराब दिमाग में सेरोटोनिन और न्यूरोट्रांसमीटर की एक्टिविटी को बदल देती है जिससे चिंता बढ़ जाती है। इसकी बजाए आपको मोजितो या मॉकटेल या गैर-अल्कोहल बियर का सेवन करना चाहिए।

चीनी युक्त खाद्य पदार्थ

मीठे खाद्य पदार्थ रक्त शर्करा यानी ब्लड शुगर लेवल में उतार-चढ़ाव का कारण बन सकते हैं जो हमारे एनर्जी लेवल को भी प्रभावित करते हैं। यहां तक कि मूड को भी इंबैलेंस कर सकते हैं जिससे टेंशन बढ़ती है। इसलिए आपको ऐसे खाद्य पदार्थों का सेवन भी बंद करना चाहिए जिनमें चीनी की अत्यधिक मात्रा हो। प्राकृतिक चीनी के विकल्प में आप एरिथ्रिटोल और याकॉन सिरप से बने प्रोडक्ट्स का उपयोग करने का प्रयास करें। प्राकृतिक फलों और सब्जियों का रस चीनी से बने खाद्य पदार्थों से कहीं बेहतर हैं।

अधिक मात्रा में नमक

शरीर में अतिरिक्त सोडियम गुर्दे के साथ-साथ तंत्रिका तंत्र को भी हानि पहुंचा सकता है। नमक मूड विकारों जैसे मूड स्विंग, टेंशन, तनाव और अवसाद, यहां तक कि थकान को भी जन्म दे सकता है। इसलिए नमक का सेवन कम से कम करें।



राष्ट्रबाण
सिवनी, मंगलवार 3 नवंबर 2026

बालाघाट राष्ट्रबाण

● बैहर ● बिरसा ● कटंगी ● तिरोड़ी ● कटंगी ● खैरलांजी ● किरनापुर ● लालबर्रा ● लांजी ● परसवाड़ा ● वारासिवनी

कलेक्टर ने दी सख्त चेतावनी: जनसुनवाई में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

वंचित 36 गांवों में बिजली पहुंचाने और धान पंजीयन के निर्देश

- कलेक्टर ने टीएल बैठक में की समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा
- नक्सल प्रभावित रहे 100 ग्रामों में दुग्ध उत्पादन बढ़ाकर नए मिल्क रूट बनाने के निर्देश
- जिले के हस्तशिल्प, जैविक उत्पाद और चिन्नौर चावल की बिक्री के लिए शुरू होगा ऑनलाइन मार्ट

बालाघाट | संवाददाता
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in

कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में सोमवार, 02 नवंबर को समय-सीमा (टीएल) बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं, लंबित प्रकरणों और विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री तनुश्री मीणा, अपर कलेक्टर डी.पी. बर्मन, संयुक्त कलेक्टर सुधीर जैन सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं, जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के नक्सल प्रभावित रहे ग्रामों के विकास के लिए तत्परता से कार्य किया जाए। इन ग्रामों में दुग्ध उत्पादन, मछलीपालन, उद्यानिकी एवं कृषि गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के साथ ही ग्रामीणों को विभिन्न विभागीय योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए। नक्सल प्रभावित रहे ग्रामों में पशुपालन विभाग को आंबेडकर कामधेनु योजना के अंतर्गत अधिक संख्या में प्रकरण तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चिन्हित 100 ग्रामों में दुग्ध उत्पादन बढ़ाकर नए मिल्क रूट विकसित किए जाएं। दूध का संग्रहण बढ़ने पर आवश्यकता के अनुसार प्रशीतक केंद्र एवं अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने निर्देश दिए कि इन ग्रामों में शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ सड़क, बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं का शत-प्रतिशत सेचुरेशन सुनिश्चित किया जाए। कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए।

पराली प्रबंधन पर किसानों को करें जागरूक, नहरों से सिंचाई की तैयारियां करें

कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में कृषि विभाग के अमले तथा किसान संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित कर पराली प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा करें। किसानों को खेतों में नरवाई नहीं जलाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए तथा पराली प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाए। इसके साथ ही सभी एसडीएम को रबी सीजन में नहरों के माध्यम से सिंचाई के लिए जल उपभोक्ता संस्थाओं की बैठक शीघ्र आयोजित करने के निर्देश दिए गए, ताकि किसानों को सिंचाई के लिए आवश्यक जल उपलब्ध कराने की व्यवस्था समय रहते सुनिश्चित की जा सके। जिन किसानों का धान उपार्जन के लिए पंजीयन नही हो सका था उनका 04 नवम्बर तक अनिवार्य रूप से पंजीयन कराने के निर्देश दिये गए।

भूमि आवंटन के अभाव में अटके निर्माण कार्यों को गति देने के निर्देश

कलेक्टर श्री सिंह ने सभी निर्माण विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि भूमि आवंटन नहीं होने के कारण जिन निर्माण कार्यों का भूमिपूजन नहीं हो सका है, उनके लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। संबंधित अधिकारी इस दिशा में तत्परता से प्रयास करें, ताकि विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जा सके। उन्होंने बताया कि एक हेक्टेयर तक की वन भूमि के लिए अनुमति जिला स्तर पर दी जा सकती है। ऐसे मामलों में संबंधित अधिकारी आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्यों को गति देने के लिए पहल करें।

बिजली से वंचित 36 ग्रामों में विद्युत सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश



कलेक्टर श्री सिंह ने जिले के बिजली सुविधा से वंचित 36 ग्रामों में विद्युत सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कार्ययोजना तैयार कर उस पर शीघ्र अमल करने के निर्देश दिए। उन्होंने लांजी तहसील के ग्राम केराडीह में बस्ती विकास निगम की योजना के माध्यम से बिजली पहुंचाने को कहा। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि बस्ती विकास निगम में उपलब्ध राशि का उपयोग ऐसे ग्रामों में विद्युत सुविधा उपलब्ध कराने के लिए किया जाए, जहां अभी तक बिजली नहीं पहुंची है। बैठक में सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में संचालित नल-जल योजनाओं का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित की गई नल-जल योजनाएं सुचारू रूप से संचालित होती रहें और ग्रामीणों को नियमित रूप से जल प्रदाय सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं की कार्यप्रणाली पर नजर रखने तथा पेयजल व्यवस्था में किसी प्रकार की बाधा नहीं आने देने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई की शिकायतों पर लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को चेतावनी

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों के निराकरण की समीक्षा की। इस दौरान शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा शिकायतों पर निर्धारित समय-सीमा में कार्रवाई नहीं किए जाने पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की। कलेक्टर ने अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए और उनका समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। आम नागरिकों की समस्याओं के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में सभी एसडीएम, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, उपसंचालक कृषि तथा अन्य संबंधित अधिकारियों को विकासखंड स्तर पर कर्मचारियों की परामर्शदात्री समिति की बैठक शीघ्र आयोजित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि इन बैठकों में कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से आमंत्रित किया जाए, ताकि कर्मचारियों से जुड़े विषयों एवं समस्याओं पर चर्चा कर आवश्यक कार्रवाई की जा सके। इसके अलावा, अधिकारियों को अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों पर तत्परता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित कोई भी प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रहना चाहिए।

उत्पादों की बिक्री के लिए शुरू होगा ऑनलाइन मार्ट

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने जिले के स्थानीय उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिले के हस्तशिल्प, हाथकरघा वस्त्र, जैविक कृषि उत्पाद, चिन्नौर चावल तथा जिले में पाए जाने वाले अन्य लोकप्रिय एवं प्रसिद्ध उत्पादों की बिक्री के लिए ऑनलाइन मार्ट शुरू किया जाएगा। इस पहल से जिले के स्थानीय उत्पादों को ऑनलाइन माध्यम से बाजार उपलब्ध होगा। साथ ही, जिले में पर्यटन संबंधी गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा और स्थानीय कारीगरों को आय का नया जरिया प्राप्त होगा। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को ऑनलाइन मार्ट शुरू करने के लिए आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी करने के निर्देश दिए।

दीपावली से पहले समूहों के उत्पादों की बिक्री के लिए लगेंगे स्टॉल

कलेक्टर श्री सिंह ने दीपावली त्योहार के पहले आजीविका समूहों द्वारा तैयार किए जाने वाले मिट्टी के दीये एवं अन्य सामग्री की बिक्री को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। इसके लिए कलेक्ट्रेट कार्यालय सहित सभी एसडीएम कार्यालयों एवं जनपद पंचायत कार्यालयों में स्टॉल लगाए जाएंगे। इस व्यवस्था का उद्देश्य आजीविका समूहों द्वारा तैयार उत्पादों को बिक्री के लिए उचित स्थान उपलब्ध कराना तथा उनके उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा देना है। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि उनके अधीनस्थ तहसील एवं जनपद स्तर पर ऐसे शासकीय भवनों की पहचान की जाए, जिनका वर्तमान में उपयोग नहीं हो रहा है, लेकिन वे मरम्मत योग्य हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे भवनों की आवश्यक मरम्मत कराकर उनका अन्य शासकीय कार्यों के लिए उपयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग हो सके।

बालाघाट में प्रदूषण फैलाने वाले पटाखों पर रोक

प्रतिबंधात्मक आदेश जारी; शांत क्षेत्रों में 100 मीटर तक पटाखे और कार्बाइड गन का इस्तेमाल मना



बालाघाट | संवाददाता
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in

बालाघाट में दीपावली के दौरान प्रदूषण रोकने और जनस्वास्थ्य व पर्यावरण की सुरक्षा के लिए कलेक्टर आदित्य सिंह ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। यह आदेश 30 नवंबर तक जिले में लागू रहेगा। इसके तहत प्रतिबंधित रसायनों से बने पटाखों की खरीद-बिक्री और इस्तेमाल के साथ कार्बाइड गन के उपयोग पर भी रोक लगाई गई है।

आदेश के मुताबिक, बेरियम साल्ट और एंटीमनी, लिथियम, मरकरी, आर्सेनिक, लेड व स्ट्रोंटियम क्रोमेट जैसे रसायनों से बने पटाखों की खरीद-बिक्री, भंडारण, परिवहन और इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा। लड़ी वाले पटाखों और ऐसे पटाखों के इस्तेमाल पर भी रोक रहेगी, जिनकी आवाज चार मीटर की दूरी पर 125 डेसीबल से ज्यादा हो। कार्बाइड गन का इस्तेमाल भी प्रतिबंधित किया गया है।

ऑनलाइन और बिना लाइसेंस बिक्री पर भी रोक

ई-कॉमर्स कंपनियों और निजी लोगों की ओर से पटाखों की ऑनलाइन बिक्री पर रोक लगाई गई है। बिना लाइसेंस पटाखे बेचने की अनुमति भी नहीं होगी। अस्पताल, नर्सिंग होम, स्वास्थ्य केंद्र, शैक्षणिक संस्थान, सिविल न्यायालय और धार्मिक स्थलों सहित घोषित शांत क्षेत्रों के 100 मीटर के दायरे में पटाखे चलाना प्रतिबंधित रहेगा।

ज्वलनशील जगहों पर पटाखे चलाने की अनुमति नहीं

आयुध निर्माणियों, पेट्रोल पंप, गैस गोदाम, पटाखा बाजार और अन्य ज्वलनशील स्थानों पर भी पटाखे चलाने की अनुमति नहीं होगी। पटाखा और विस्फोटक लाइसेंसधारियों को प्रतिबंधित पटाखों के निर्माण, खरीद-बिक्री, परिवहन और भंडारण से जुड़े नियमों का पालन करना होगा। आदेश का उल्लंघन करने या प्रतिबंधित पटाखों का कारोबार करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

ग्रीन पटाखों को प्राथमिकता

त्योहार के दौरान ग्रीन पटाखों की खरीद-बिक्री, वितरण और इस्तेमाल को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तय मानकों के अनुसार पटाखों की जांच और निगरानी करेगा। पटाखे जलाने के बाद निकलने वाले कचरे को खुले में या ऐसी जगहों पर नहीं फेंकने के निर्देश हैं, जहां से प्राकृतिक जलस्रोत और पेयजल स्रोत प्रदूषित हो सकते हैं।

अधिकारियों को जांच और निगरानी की जिम्मेदारी

कलेक्टर ने अधिकारियों को आदेश का पालन कराने और पटाखा कारोबारियों के प्रतिष्ठानों की जांच करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और संबंधित विभागों को आदेश का कड़ाई से पालन कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

बालाघाट के पुनर्वास केंद्र में अनुपस्थित मिले छह कर्मचारी

कलेक्टर बोले- सभी को नोटिस दें; प्रमाण पत्र बनाने में देरी न करने के निर्देश

बालाघाट | संवाददाता
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in

बालाघाट के जिला निःशक्त एवं पुनर्वास केंद्र में 2 नवंबर को निरीक्षण के दौरान छह कर्मचारी अनुपस्थित मिले। कलेक्टर आदित्य सिंह ने इस पर नाराजगी जताते हुए सभी अनुपस्थित कर्मचारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय कार्यालय में चार कर्मचारी मौजूद थे।



छह कर्मचारी नहीं मिले

अनुपस्थित कर्मचारियों में फिजियोथेरेपिस्ट विरेन्द्र कुमार दास, जूनियर फिजियोथेरेपिस्ट हेमंत लखेरा, विकास कुमार मिश्रा, सुधांशु श्रीवास्तव, भृत्य अजय भूरे और हरिप्रसाद लिल्हारे शामिल हैं। कलेक्टर ने सभी कर्मचारियों को तय समय पर कार्यालय पहुंचने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाने के लिए केंद्र आने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

प्रमाण पत्र बनाने में देरी न करने के निर्देश

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया और इसके लिए जरूरी दस्तावेजों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पात्र लोगों के प्रमाण पत्र बनाने में बेवजह देरी न हो और सभी आवेदनों पर प्राथमिकता से कार्रवाई की जाए।

सहायक उपकरण आसानी से उपलब्ध कराएं

कलेक्टर ने केंद्र आने वाले दिव्यांगजनों को बेहतर सुविधाएं देने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि जिन्हें ट्राइसिकल, व्हीलचेयर या अन्य सहायक उपकरणों की जरूरत है, उन्हें ये आसानी से उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही, उनकी समस्याओं पर तुरंत ध्यान दिया जाए।

कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक

प्राकृतिक आपदा से राहत के प्रकरणों का तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश

बालाघाट | संवाददाता
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in

कलेक्टर आदित्य सिंह ने 02 नवम्बर को राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर स्वामित्व योजना की प्रगति एवं राजस्व संबंधी प्रकरणों के निराकरण की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर डीपी बर्मन, संयुक्त कलेक्टर सुधीर जैन, उपस्थित थे। बैठक में सभी एसडीएम एवं तहसीलदार वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से उपस्थित थे।

बैठक में सर्वप्रथम स्वामित्व योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी भूमि के रजिस्ट्री दस्तावेजो के वितरण की समीक्षा की गई। इस दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि जिन पटवारियों द्वारा अपने हल्के में 100 प्रतिशत रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण कर लिया है उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। दीपावली त्यौहार के दूसरे दिन ऐसे ग्रामों में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हितग्राहियों को रजिस्ट्री का वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गए। समीक्षा के दौरान पाया गया कि 504 पटवारियों में से 214 पटवारियों की प्रगति 30 प्रतिशत से कम है। जिन पटवारियों की प्रगति 30 प्रतिशत से कम पायी गई है उन्हें सख्त निर्देश दिये गए कि अपने कार्य में प्रगति लाये अन्यथा उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के प्रकरणों में तत्परता के साथ कार्य करें और कोई भी प्रकरण अनावश्यक लंबित नही रहना चाहिए। बैठक में निर्देशित किया गया कि सर्पदंश, आकाशीय बिजली, अग्नि दुर्घटना से मृत्यु के मामलों में राहत राशि के प्रकरण लोक सेवा केंद्र के माध्यम से लगाये जाएंगे।

दीपावली से पहले खाद्य दुकानों की जांच में गंदगी मिली : बालाघाट में दुकानदारों को नोटिस

8 हजार की एक्सपायरी सामग्री नष्ट कराई

बालाघाट | संवाददाता
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in

दीपावली से पहले बालाघाट में खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने दुकानों और होटलों की जांच की। कई जगह गंदगी मिलने पर संचालकों को नोटिस दिए गए। टीम ने करीब 8 हजार रुपए की एक्सपायरी खाद्य सामग्री मौके पर ही नष्ट कराई।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी योगेश डोंगरे और गीता टांडेकर की टीम ने सोमवार को कटंगी के डीबी मार्ट का निरीक्षण किया। यहां से शहद के नमूने लिए गए। टीम ने त्योहारों में मिठाई और नमकीन बनाने में इस्तेमाल होने वाले एसेंस, सुगंध, रंग, एडिटिव्स, कस्टर्ड पाउडर और बेकिंग सोडा के नमूने भी जांच के लिए लिए। विभाग मिठाई, नमकीन, खाद्य रंग, एसेंस और अन्य खाद्य सामग्री के नमूने लेकर प्रयोगशाला भेज रहा है।



टीम ने लांजी के नैवेद्यम होटल, शिवराज होटल और बीकानेर मिष्ठान भंडार का निरीक्षण किया। भानेगांव में ठाकरे होटल और बीकानेर होटल की जांच की गई। बालाघाट शहर में वैशाली होटल, शगुन होटल, भारतीय होटल, बाबू मिष्ठान भंडार और मधुर कलश का निरीक्षण हुआ। परसवाड़ा में जगदीश और संजू होटल, बिरसा में जायसवाल स्वीट्स एवं रेस्टोरेंट और मलाजखंड में संतोष जलपान गृह, शिवम होटल और अशोका होटल की जांच की गई। गंदगी मिलने पर संबंधित संचालकों को नोटिस दिए गए। निरीक्षण के दौरान पेड़ा, बर्फी, छेना, मोतीचूर, मलाई पेड़ा, मगज लड्डू, बादाम बर्फी, येलो बर्फी, कलाकंद, मिल्क केक, मिक्चर, नमकीन, खोवा बर्फी, सोयाबीन तेल और नारियल बर्फी के नमूने लिए गए।

-लालबर्रा में डॉ.धर्मेंद्र गोहिया कर रहे मरीजों की काउंसलिंग

तम्बाकू मुक्ति केंद्र से मिल रही परामर्श सुविधा

लालबर्रा | संवाददाता
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित तंबाकू मुक्त युवा अभियान 4.0 के माध्यम से युवाओं को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालबर्रा में संचालित तंबाकू व्यसन मुक्ति केंद्र तंबाकू छोड़ने के इच्छुक लोगों को परामर्श की सुविधा उपलब्ध करा रहा है।

डॉ. धर्मेंद्र गोहिया कर रहे काउंसलिंग

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालबर्रा स्थित तंबाकू व्यसन मुक्ति केंद्र में डॉ.धर्मेंद्र गोहिया द्वारा तंबाकू की लत से जूझ रहे मरीजों की काउंसलिंग की जाती है।इस दौरान मरीजों को तंबाकू सेवन से होने वाले नुकसान की जानकारी देने के साथ ही इसकी लत छोड़ने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है। जो लोग तंबाकू सेवन की आदत छोड़कर स्वस्थ जीवन की शुरुआत करना चाहते हैं, वे केंद्र में संपर्क कर परामर्श प्राप्त कर सकते हैं।तंबाकू की लत से छुटकारा पाने में उचित मार्गदर्शन,सकारात्मक सोच, नियमित प्रयास और परिवार का सहयोग महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

गंभीर बीमारियों का बढ़ता है जोखिम



तंबाकू का सेवन मुख कैंसर, फेफड़ों के कैंसर,हृदय रोग सहित कई गंभीर बीमारियों का जोखिम बढ़ाता है।इसके अलावा,इसकी लत व्यक्ति के स्वास्थ्य,आर्थिक स्थिति और पारिवारिक जीवन पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। तंबाकू मुक्त युवा अभियान 4.0का उद्देश्य युवा पीढ़ी को तंबाकू एवं तंबाकू उत्पादों के सेवन से दूर रखना और स्वस्थ जीवनशैलीअपनाने के लिए प्रेरित करना है।अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों और युवाओं को जागरूक करते हुए उन्हें अपने परिवार,मित्रों तथा समाज के अन्य लोगों को भी तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया जा रहा है।

नशामुक्त समाज के निर्माण की पहल

स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए बीमारियों के उपचार के साथ-साथ उनके जोखिमों के प्रति जागरूकताऔर बचाव के उपाय अपनाना भी आवश्यक है।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालबर्रा में तंबाकू व्यसन मुक्ति केंद्र के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही परामर्श सुविधा इस दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

राष्ट्रबाण
सिवनी, मंगलवार 3 नवंबर 2026

सिवनी राष्ट्रबाण

● बरघाट ● छपारा ● धनोरा ● घंसौर ● केवलारी ● कुरई ● लखनादौन ● सिवनी ग्रामीण

सिवनी | संवाददाता
rashtrabaan.in



अंजू अरुण कुमार, नवागत कलेक्टर : मेडम से अवैध बारूद के कारोबारियों पर कार्रवाई की आस।

लाइसेंस से पहले घरों में... बारूद का ढेर

सिवनी में दिवाली पर बड़े हादसे को खुली दावत!

दीवाली की रोशनी के बीच सिवनी पर मंडरा रहा मौत का साया! घनी आबादी वाले रिहाइशी इलाकों और तंग गलियों के बीच आवासीय मकानों को रातों-रात अवैध पटाखों और बारूद का गोदाम बना दिया गया है। बिना किसी फायर सेफ्टी और प्रशासनिक अनुमति के चल रहे इस खतरनाक खेल ने मासूम शहरवासियों की जिंदगियों को एक सुलगते हुए टाइम बम पर ला खड़ा किया है, जहाँ एक छोटी सी चिंगारी पलक झपकते ही पूरे शहर को मलबे और मातम में बदल सकती है।

रोशनी, उमंग और खुशियों का पावन पर्व दिवाली करीब आते ही सिवनी शहर पर खौफ और तबाही का साया मंडराने लगा है। चंद रुपयों के अंधाधुंध मुनाफे और लालच के खेल में बेखौफ कारोबारियों ने मासूम शहरवासियों की जिंदगियों को दांव पर लगा दिया है। शहर के घने रिहाइशी इलाकों, तंग गलियों और आवासीय मकानों को रातों-रात विस्फोटक सामग्री और पटाखों के गोदाम में तब्दील कर दिया गया है। कागजों में जब तक प्रशासनिक प्रक्रियाएं पूरी होंगी, तब तक शहर बारूद के ढेर पर पूरी तरह बैठ चुका है।

एक तरफ जहां जिला प्रशासन और संबंधित विभाग पटाखा लाइसेंस के वितरण, निरीक्षण और कागजी औपचारिकताओं की कछुआ चाल चलने में मशगूल हैं, वहीं दूसरी ओर मुनाफाखोरों ने इस प्रशासनिक ढिलाई का भरपूर फायदा उठाया है। आधिकारिक लाइसेंस जारी होने से पहले ही अवैध रूप से टन के हिसाब से पटाखे और विस्फोटक सामग्री शहर की सीमा के भीतर दाखिल हो चुकी है।

सूत्र बताते कि घनी आबादी वाले मोहल्लों में दो-दो, तीन-तीन मंजिला इमारतों के कमरों, बेसमेंट और छतों पर पटाखों की पेटियां ठूंस-ठूंसकर भर दी गई हैं। जिन गलियों में दोपहिया वाहन भी मुश्किल से गुजर पाते हैं, वहां बारूद का भारी जमावड़ा है। कागजी औपचारिकताएं जब तक पूरी होंगी, तब तक अवैध स्टॉक का बड़ा हिस्सा बाजारों और दुकानों तक पहुंच चुका होगा।



AI IMAGE

एक छोटी सी चिंगारी और पलक झपकते ही तबाही!

सिवनी के मुख्य बाजार और तंग रिहाइशी मोहल्लों की स्थिति बेहद संवेदनशील है। यदि इन घने इलाकों में किसी एक घर या गोदाम में आग लगती है, तो उसकी लपटें चंद मिनटों में पूरे इलाके को अपनी चपेट में ले लेंगी। संकरी गलियों के कारण फायर ब्रिगेड की गाड़ियाँ समय पर मौके तक पहुँच ही नहीं सकतीं। रिहाइशी मकानों में मौजूद रसोई गैस सिलेंडर इस आग में घी का काम करेंगे, जिससे धमाकों की तीव्रता कई गुना बढ़ जाएगी। ऐसे भीषण विस्फोट में चंद सेकंडों के भीतर कई मकान मलबे और राख के ढेर में तब्दील हो सकते हैं। यहां हमें जिला प्रशासन और सुधि पाठको को बता दें की वर्षो पहले मारुती मंदिर बुधवारी बाजार में चल रही अवैध पटखा फैक्ट्री में हुए धमाके ने सिवनी नगर को दहला दिया था। इस लापरवाही से सिवनी को सिख लेना था लेकिन प्रशासन पुराने ढर्रे में अपनी कार्यप्रणाली से बाज नहीं आ रहा है।

क्या किसी बड़े हादसे का इंतजार है?

शहरवासी अब दहशत के साये में जीने को मजबूर हैं। आम जनता के मन में यह सवाल कौंध रहा है कि आखिर जिला प्रशासन की नाक के नीचे चल रहे इस खतरनाक और अवैध बारूदी कारोबार पर समय रहते सख्त कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही? क्या पुलिस और राजस्व महकमा शहर में दाखिल हो रहे बारूद से पूरी तरह अनजान है? क्या प्रशासनिक मशीनरी किसी बड़ी तबाही और जनहानि के घटित होने का इंतजार कर रही है? क्या हर बार की तरह हादसा हो जाने के बाद ही जांच कमेटी और मुआवजे की घोषणाओं का औपचारिकता भरा नाटक खेला जाएगा?

समय रहते यदि जिला प्रशासन, पुलिस ने संयुक्त रूप से शहर के रिहाइशी इलाकों में छापेमारी अभियान नहीं चलाया, तो इस दिवाली खुशियों का दीया जलने से पहले मातम का सन्नाटा पसर सकता है। चंद मुनाफाखोरों की हवस और प्रशासनिक अनदेखी का खामियाजा बेकसूर नागरिकों को अपनी जान देकर चुकाना पड़े, इससे पहले जिम्मेदार अधिकारियों को नींद से जागना ही होगा और इन अवैध गोदामों को तत्काल सील कर सख्त कानूनी कार्रवाई करनी होगी।

न फायर सेफ्टी, न सुरक्षा मानक, भगवान भरोसे रिहाइशी इलाके

सुरक्षा नियमों की धज्जियां किस कदर उड़ाई जा रही हैं, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इन अवैध गोदामों में फायर सेफ्टी के नाम पर एक बाल्टी रेत तक मौजूद नहीं है। प्रशासन द्वारा पटाखों के भंडारण के लिए जो मानक तय किए गए हैं, जैसे खुला स्थान, पक्की कंक्रीट की दीवारें, पर्याप्त वेंटिलेशन और अग्निशामक यंत्र वे सब केवल फाइलों तक सीमित हैं। नियमो की खुली धज्जियां उड़ाई जा रही है। बता दें की आवासीय क्षेत्रों में बिना किसी सुरक्षा इंतजाम के पटाखों का भंडारण एक ऐसा टाइम बम है, जो कभी भी फट सकता है। ऐसी स्थिति में यदि कोई छोटी सी भी चिंगारी या शॉर्ट सर्किट हुआ, तो आग पर काबू पाना नामुमकिन हो जाएगा।

पेंच में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय मोगली बाल उत्सव का शुभारंभ

विधायक दिनेश राय मुनमुन ने दिखाई हरी झंडी



सिवनी | संवाददाता
rashtrabaan.in

देश के प्रसिद्ध पेंच टाइगर रिजर्व में जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय मोगली बाल उत्सव का भव्य आयोजन शुरू हो गया है। इस अवसर पर सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। उन्होंने मोगली मित्रों (विद्यार्थियों) के दल को हरी झंडी दिखाकर शैक्षणिक एवं रोमांचक भ्रमण के लिए रवाना किया। यात्रा पर रवाना होते समय बच्चों में खासा उत्साह और उमंग का माहौल देखा गया।

पर्यावरण संवेदनशीलता विकसित करने की पहल

शिक्षकों और आयोजकों का मानना है कि इस तरह के आयोजनों से विद्यार्थियों में कम उम्र से ही प्रकृति के प्रति प्रेम, पर्यावरण संरक्षण की भावना और वन्यजीवों के प्रति संवेदनशीलता विकसित होती है। पेंच की धरती पर यह मोगली उत्सव बच्चों के लिए प्रकृति संरक्षण का एक अविस्मरणीय पाठ साबित होगा।

प्रकृति और वन्यजीवों से रूबरू होंगे विद्यार्थी

इस तीन दिवसीय आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों को प्रकृति, वन्यजीवों और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। पेंच टाइगर रिजर्व के सुरम्य वातावरण में आयोजित यह उत्सव बच्चों को जंगल की समृद्ध जैव विविधता, वन्यजीवों के महत्व और पर्यावरण संतुलन को करीब से देखने और समझने का एक अनूठा अवसर प्रदान करेगा।

वाहन चैकिंग के दौरान बस से उतरकर भागा तस्करः पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा

सिवनी। बंडोल पुलिस ने रविवार रात गांजा लेकर जा रहे एक 56 वर्षीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 241 ग्राम गांजा बरामद किया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत 2,400 रुपए बताई गई है। जानकारी के अनुसार बंडोल पुलिस द्वारा क्षेत्र में वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान सिवनी की ओर से आ रही एक बस को जांच के लिए रोका गया। बस रुकने पर उसमें सवार एक व्यक्ति हाथ में पीले रंग की थैली लेकर नीचे उतरा। पुलिसकर्मियों को देखकर वह अचानक भागने लगा। उसकी संदिग्ध गतिविधियों को देखते हुए पुलिस ने तत्काल घेराबंदी की और कुछ ही दूरी पर उसे पकड़ लिया।

कॉलेजों में जन सुरक्षा-युवा सृजन कार्यक्रम आयोजित

500 से अधिक छात्र-छात्राएं हुए जागरूक



सिवनी | संवाददाता
rashtrabaan.in

जिले के शासकीय महाविद्यालय कुरई और केवलारी में पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के मार्गदर्शन में पुलिस मुख्यालय भोपाल के नवाचार जन सुरक्षा-युवा सृजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में एसडीओपी केवलारी अनीशा जैन की विशेष उपस्थिति और नियंत्रण कक्ष प्रभारी निरीक्षक ओमेश्वर ठाकरे के नेतृत्व में 500 से अधिक छात्र-छात्राओं और वॉलेंटियर्स से सीधा संवाद किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनने, संविधान व कानून की समझ, साइबर सुरक्षा हेल्पलाइन 1930, सड़क सुरक्षा, महिला एवं बाल संरक्षण, नशामुक्ति और मानसिक स्वास्थ्य जैसे दस महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में दोनों महाविद्यालयों के प्राचार्यों, प्रोफेसरों, एनएसएस अधिकारियों और मास्टर ट्रेनर्स की गरिमामय उपस्थिति रही, जिससे युवाओं में भारी उत्साह देखने को मिला।

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
7000427433

आमाकोला में जुआ खेलते 5 आरोपी गिरफ्तार, 35,200 रुपये जप्त

सिवनी। संवाददाता

थाना लखनवाड़ा पुलिस ने ग्राम आमाकोला में गौसाई मंदिर के सामने जुआ खेल रहे 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 35,200 रुपये नगद और ताश के पत्ते जप्त किए हैं। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशों, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन और एसडीओपी चंचलेश मरकाम के नेतृत्व में थाना प्रभारी निरी. फगन सिंह मरकाम द्वारा गठित टीम द्वारा 1 नवंबर 2026 को की गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने गवाहों के साथ मौके पर दबिश दी, जहाँ हिमेश, शिवराम, अरुण, विक्रम और सत्यम नामक आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपियों के खिलाफ थाना लखनवाड़ा में जुआ एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आगे की विवेचना की जा रही है।

विश्व हिंदू परिषद खैरलांजी प्रखंड बैठक श्री नर्मदेश्वर शिव मंदिर नवेगांव में संपन्न

बालाघाट | संवाददाता
rashtrabaan.in



विश्व हिंदू परिषद खैरलांजी प्रखंड बैठक श्री नर्मदेश्वर शिव मंदिर नवेगांव में संपन्न हुई।

जिसमें युगलकिशोर भगत जिला गौ रक्षा प्रमुख विहिप, निलेश चौधरी जिला सहसंयोजक बजरंगदल, दिशु तिवारी जिला विद्यार्थी प्रमुख बजरंग दल का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक का शुभारंभ ब्रह्मनाद, विजय महामंत्र के साथ किया गया। बैठक में प्रखंड पालक बजरंगदल जिला सहसंयोजक निलेश चौधरी के द्वारा संगठन विस्तार एवं ग्राम व खंड स्तर पर समिति बनाने हेतु चर्चाएं की गई जिसमें मुख्यतः हितचिंतक अभियान, हुतात्मा दिवस, शौर्य यात्रा, युवा दिवस, सामाजिक समरसता दिवस एवं संगठन की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई और आगे बताया कि हितचिंतक अभियान के माध्यम से समाज के सभी वर्ग जाति के प्रत्येक परिवारों से संपर्क कर संगठन को मजबूती प्रदान कर संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय करना और धार्मिक जागरूकता करना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है।

इस योजना बैठक में प्रखंड स्तर के नवीन दायित्वों की घोषणा कर प्रखंड कार्यकारिणी का पुनः विस्तार किया गया जिसमें विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष नरेन्द्र साहू, उपाध्यक्ष अखिलेश मिश्रा, उपाध्यक्ष संतोष गोले, प्रखंड मंत्री सौरभ मेश्राम, सहमंत्री पुष्पेंद्र पटले, बजरंग दल प्रखंड संयोजक आर्यन बहेट्वार, सहसंयोजक अभिषेक बसेने, सहसंयोजक राज लिलहारे, धर्मप्रसार प्रमुख संदेश अग्रवाल, प्रचार प्रसार प्रमुख अनिल कातरे, प्रचार प्रसार सहप्रमुख अभय बावने, विहिप गौरक्षा प्रमुख विनोद लिल्हारे, सामाजिक समरसता प्रमुख शुभम कोलते, विशेष संपर्क प्रमुख सुमित कटरे, सत्संग प्रमुख राज धावड़े, सेवा प्रमुख देवेंद्र पटले, सुरक्षा प्रमुख शिवम लिलहारे, बलोपासना प्रमुख महेश लिलहारे, मिलन प्रमुख दीपक नगपुरे, मिलन सहप्रमुख सौरभ पटले, विद्यार्थी प्रमुख निहार ठाकरे, विद्यार्थी सहप्रमुख प्रतीक भौरजार को बनाया गया। अंत में भगवान नर्मदेश्वर शिवशंकर जी की आरती, शांति मंत्र, जय घोष और प्रसादी वितरण कर बैठक का समापन किया गया।

मुख्यमंत्री यादव बोले- सिवनी में फूड पार्क बनेगा

सिवनी | संवाददाता
rashtrabaan.in

सिवनी जिले में फूड पार्क बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को सिमरिया मंडी प्रांगण में बलराम कृषि महोत्सव को वर्चुअली संबोधित करते हुए यह घोषणा की। यहां स्थानीय कृषि उत्पादों का प्रसंस्करण होगा, जिससे किसानों को उपज का बेहतर दाम मिलने और रोजगार के नए अवसर बनने की उम्मीद है।

मुख्यमंत्री ने जीराशंकर चावल और जंबो सीताफल को सिवनी जिले की खास पहचान बताया। उन्होंने कहा कि प्रसंस्करण और बेहतर बिक्री के जरिए इन उत्पादों को बड़े बाजारों तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने टमाटर, मिर्च, अलसी, सरसों और सूरजमुखी की खेती की संभावनाओं का भी जिक्र किया। मुख्यमंत्री ने किसानों से परंपरागत फसलों के साथ दूसरी फसलें अपनाने की बात कही।

फूड पार्क बनने से कृषि आधारित इकाइयों के साथ पैकेजिंग, ग्रेडिंग और भंडारण की सुविधाएं विकसित हो सकती हैं। हालांकि, इसके लिए जगह, निवेश और निर्माण की समयसीमा की जानकारी अभी सामने नहीं आई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि रबी फसलों की सिंचाई के लिए किसानों को दिन में 10 घंटे बिजली दी जाएगी। धान खरीदी के पंजीयन की आखिरी तारीख भी 4 नवंबर तक बढ़ाई गई है।

तबादलों का अखाड़ा या ट्रेनिंग सेंटर, जहां छह महीने में बदल जाता है जिला कलेक्टर!

सिवनी | संवाददाता
rashtrabaan.in

सिवनी जिला इन दिनों विकास के पहियों पर नहीं, बल्कि तबादला एक्सप्रेस की सुपरफास्ट रफ्तार पर चल रहा है, जिसने इसे जनता के बीच एक गंभीर चर्चा नहीं बल्कि एक फूहड़ मजाक का विषय बना दिया है। हालात यह हैं कि सिवनी को अब लोग जिला कम और आईएएस अधिकारियों की ट्रेनिंग का अर्थात प्रशासनिक ट्रेनिंग सेंटर ज्यादा कहने लगे हैं, जहां हर छह महीने में नया कप्तान आता है और कुर्सी गर्म होने से पहले ही उसका बोरिया-बिस्तर बंध जाता है। सत्ता के गलियारों और नौकरशाही के इस खेल में जिले की जनता ही पिस रही है, और जिम्मेदारों की कार्यशैली पर अब तीखे सवाल उठने लाजिमी हो गए हैं।



संस्कृति जैन, आईएएस।



शीतला पटले, आईएएस।



नेहा मीणा, आईएएस।

लगातार महिला कलेक्टर्स की आमद और विदाई, क्या सिवनी महज एक लेबोरेटरी है?

जिले में प्रशासनिक अस्थिरता का आलम यह है कि पिछले कुछ समय से कुर्सी पर टिकने का रिकॉर्ड पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है। संस्कृति जैन, शीतला पटले, नेहा मीना और अब ताजा कड़ी के रूप में अंजू अरुण कुमार एक के बाद एक लगातार आ रही महिला कलेक्टरों के ताबड़तोड़ तबादलों ने यह साबित कर दिया है कि शासन स्तर पर सिवनी को लेकर कोई ठोस विजन बचा ही नहीं है। सवाल यह उठता है कि क्या यह जिला केवल महिला अधिकारियों या किसी भी आईएएस अधिकारी को फील्ड की शुरुआती ट्रेनिंग देने की कोई लेबोरेटरी बनकर रह गया है? जब तक कोई अधिकारी जिले के चप्पे-चप्पे से वाकिफ होता है, माफियाओं और समस्याओं की नब्ज टटोलता है, तब तक शासन का हंटर चल जाता है और अधिकारी का ट्रांसफर आदेश थमा दिया जाता है।

फाइलों में दम तोड़ता विकास और जनता की बेबसी

इस लगातार होती प्रशासनिक उथल-पुथल का सबसे बड़ा खमियाजा सिवनी की भोली-भाली जनता और जिले के बुनियादी विकास को भुगतना पड़ रहा है। हर नए कलेक्टर के आने के साथ जिले की प्राथमिकताएं बदल जाती हैं, पुरानी योजनाएं ठंडे बस्ते में चली जाती हैं और नए सिरे से फाइलों का पेट भरना शुरू होता है। जिले की सड़कें हों, स्वास्थ्य सेवाएं हों या फिर भ्रष्टाचार के दीमक से खोखले हो रहे सरकारी विभाग कि सबकी सुध लेने वाला कोई स्थायी चेहरा ही नहीं बचा है। जनता त्रस्त है और जिम्मेदार एसी कमरों में बैठकर केवल कुर्सियों की अदला-बदली का खेल खेलने में मस्त हैं। यदि यही हाल रहा, तो सिवनी जिला विकास के मामले में कोसों पीछे छूट जाएगा, और इतिहास इस बात का गवाह रहेगा कि कैसे कुछ महीनों के प्रशासनिक प्रयोगों ने एक जीवंत जिले को लावारिस व्यवस्था के हवाले कर दिया था।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक संजय बघेल द्वारा श्री सिद्धिविनायक प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 26-बी, देशबंधु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर भोपाल म.प्र से मुद्रित कराकर शिवनगर कॉलोनी सड़क मोहल्ला मरझोर जिला सिवनी से प्रकाशित।
RNI NO.: MPHIN/2015/72804 , **संपादक* संजय बघेल** पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त विवादों का निपटारा न्यायालयीन क्षेत्र सिवनी होगा। E-mail: rashtrabaan@gmail.com. mob: 7000427433